दैनिक न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक
सेहत-वास्तु-फीचर

रायगढ़, गुरुवार 10 जनवरी 2019

www.nyaysakshi.com



# महत्वपूर्ण एवं खास

## दो नाबालिग लापता, गुम इंसान का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। सरस्वतीनगर व तेलीबांधा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो नाबालिग युवतियों की घर से लापता होने की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज की गई है। बीएसयूपी कालोनी कोटा सरस्वतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी गई है कि अज्ञात व्यक्ति ने किशोरी को बहला- फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 363 के तहत गुम इंसान की मामला दर्ज कर अपराध पजीबद्ध किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएसयूपी कालोनी कोटा सरस्वतीनगर निवासी महिला ने अपने बेटी 15 वर्ष की घर से लापता होने की रिपोर्ट सरस्वती नगर थाने में दर्ज करायी है कि किसी ने किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इसीतरह ताज चौक तेलीबांधा रायपुर निवासी भाई ने अपनी बहन की घर से लापता होने की रिपोर्ट तेलीबांधा थाने में दर्ज करायी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ताज चौक से किसी ने नबालिग युवती 16 वर्ष को अपने साथ बहला फुसलाकर भगा ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## कार बेचने विज्ञापन ओएलएक्स पर डालकर ऑन लाईन ठगी

रायपुर (आरएनएस)। मारुती स्विफ्ट डिजायरकार की ऑनलाईन ब्रिकी का विज्ञापन देकर 15 हजार रुपये का टोकन लेकर धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट टिकरापारा थाने में दर्ज करायी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धनगर मोहल्ला टिकरापारा निवासी नंदकिशोर साहू 35 वर्ष पिता अलखराम साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि मोबाईल फोन नंबर 79996-22454 पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने ओएलएक्स में मारूति स्विफ्ट डिजायर कार बेचने के लिये विज्ञापन डाला था व कार खरीदने के लिये दिये गये नबंर पर कॉल करने पर कार का सौदा कर टोकन के तौर पर 15 हजार रुपयें खाता में जमा करवाने के बाद नबंर बंद कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 420 के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

## आनलाईन शापिंग के चक्कर में खाते से हजारों रुपये गायब

रायपुर (आरएनएस)। आनलाईन शापिंग में टी शर्ट वापस करने के लिये कस्टमर केयर में कॉल करने पर प्रार्थी के खाते से हजारों रुपये निकालने की रिपोर्ट आजाद चौक थाने में दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी आजाद चौक निवासी भूपेंद्र साहु 29 वर्ष पिता राधेश्याम साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि आनलाईन टीशर्ट शापिंग के बाद पसंद नही आने पर वापस करने के लिये कस्टमरकेयर द्वारा दिये गये नबंर पर संपर्क किया तो बैंक खाता एवं कोडिंग नम्बर लेकर खाता से 94 हजार 9 सौ 95 रुपये आनलाईन आहरण कर खाते से निकाल लिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 420 के तहत धोखाधाड़ी का मामला दर्ज किया है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बिजली खंबा व एक्टीवा को मारी टक्कर

रायपुर (आरएनएस)। तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर बिजली खंबा को ठोकते हुए खड़ी की एक्टीवा को टक्कर मारने की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार न्यू गोदवारा खमतराई निवासी अजय प्रसाद 28 वर्ष पिता मोलीलाल प्रसाद ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि मंगलवार को रिंग रोड 2 दुर्गा पेट्रोल पम्प के पास तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 08-वाय/7431 का चालक ने बेकाबु होकर बिजली की खंबा को टक्कर मारते हुए खड़ी की एक्टीवा क्रमांक सीजी 04-एलटी/8107 को ठोकर मार दिया। युवक की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत मामला दर्ज किया है।

## कांकेर- पुलिस मुखबिर के शक में माओवादियों ने ग्रामीण की गला घोंटकर की हत्याजएसडीओपी अन्तागढ़ ने की पुष्टि

कांकेर। माओवादियों ने ग्रामीण की गला घोंटकर की हत्या, हत्या कर लगाया बैनर-पोस्टर, पुलिस मुखबिर का लगाया आरोप, एसडीओपी अन्तागढ़ ने की पुष्टि। जानकारी के अनुसार कामता गांव में देर रात हथियारबंद माओवादियों ने सुरेश हुपेंडी के साथ मारपीट की उसके बाद सुरेश का गला दबाकर हत्या कर दी गई. नक्सलियों ने मौके पर बैनर और पर्चा भी फेंका है. आदिवासी समुदाय का सुरेश हुपेंडी आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के हिरनपाल गांव से अपने ससुराल में रहता था. जहां नक्सलियों कथित तौर पर पुलिस की मुखबिरी के शक में उसे मार डाला है. नक्सली वारदात के बाद गांव में दहशत का मौहल है. लोग डरे हुए हैं और किसी तरह इस घटना की सूचना अंतागढ़ पुलिस को दी गई।.अंतागढ़ के एसडीओपी पुपलेश कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है.

## बीजापुर : तहसीलदार के फर्जी हस्ताक्षर-सील लगा कर डायवर्सन करने वाला इंजीनियर गिरफ्तार

बीजापुर। एसडीएम कार्यालय में तीन जनवरी को बेरोजागर इंजीनियर अरविंद कुछ लोगों के डायवर्सन के कागजात लेकर कार्यालय पंहुचा। दस्तावेज जमा किए। इस दौरान एसडीएम राहुल वेंकट को डायवर्सन के दस्तावेज में तहसीलदार द्वारा दिये गए अनापत्ति प्रमाण पत्र की सील और हस्ताक्षर पर संदेह हुआ। उन्होंने तत्काल चपरासी के माध्यम से कागजात तहसील ऑफिस भेज कर पता किया तो वहां से किसी भी प्रकार का अनापत्ति पत्र नहीं देने की बात पता चली। एसडीएम राहुल वेंकट के पूछने पर आरोपी ने फर्जी सील और हस्ताक्षर करने की बात कबूल की। एसडीएम ने तत्काल आरोपी युवक को कोतवाली भेज कार्रवाई के निर्देश दिए।

# जन-घोषणा पत्र के वादों को पूरा करने की दिशा में हमारा पहला कदम है तृतीय अनुपूरक : मुख्यमंत्री भूपेश बघेल



रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जन घोषणा पत्र के सभी वादों को सरकार क्रमशः पूरा कर रही है। बघेल ने कहा कि तृतीय अनुपूरक बजट इस दिशा में उनकी सरकार का पहला कदम है। किसानों के 6100 करोड़ रूपए की कर्ज माफी और उनसे 2500 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने के वादे को पूरा करने के लिए भी तृतीय अनुपूरक में आवश्यक राशि का प्रावधान किया गया है।

बघेल आज शाम यहां विधानसभा में चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए अपनी सरकार के तृतीय अनुपूरक अनुमान पर सदन में हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। बघेल ने अपनी सरकार के कार्यभार ग्रहण करने के सिर्फ 20 दिनों के भीतर अब तक लिए गए महत्वपूर्ण फैसलों का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश के किसानों, गरीबों, आदिवासियों और अनुसूचित जाति के लोगों के लिए काम करने आए हैं। बघेल के उद्बोधन के बाद सदन में 10 हजार 395 करोड़ रूपए का तृतीय अनुपूरक ध्वनि मत से पारित कर दिया गया। उन्होंने कहा - सरकार वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के लिए वचनबद्ध है। बघेल ने सदन को बताया कि तृतीय अनुपूरक में आठ वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके एक लाख 09 हजार संविलियत शिक्षाकर्मियों के नियमित वेतन भुगतान के लिए एक हजार 841 करोड़ रूपए और 15 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके पांच हजार 501 पंचायत सचिवों को उच्चतर वेतनमान देने के लिए 100 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2018-19 के मुख्य बजट में कुल प्रावधान 87 हजार 463 करोड़ रूपए था। प्रथम, द्वितीय और आज पारित तृतीय अनुपूरक को शामिल करने पर बजट का आकार अब एक लाख 05 हजार 170 करोड़ रूपए हो गया है। उन्होंने कहा - जन-घोषणा पत्र में हमने वादा किया था कि सरकार बनने के दस दिनों के भीतर किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा। हमने जो कहा, उसे दस दिन के अंदर पूरा किया। उन्होंने कहा - 17 दिसम्बर 2018 को प्रदेश में हमारी सरकार बनते ही हमने जो पहला काम किया, वो है किसानों की कर्ज माफी का काम।

## हिन्दुस्तान में किसानों से 2500 रुपए क्विंटल में धान खरीदने वाला छत्तीसगढ़ पहला राज्य : भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्य सरकार अपने सभी विभागों में वित्तीय अनुशासन का गंभीरता से पालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग में बजट से अधिक खर्च न हो



इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा। बघेल ने हम किसानों, गरीबों, आदिवासियों, अनुसूचित जाति के लोगों के लिए काम करने आए हैं। बघेल आज शाम यहां विधान सभा में चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए अपनी सरकार की तृतीय अनुपूरक अनुदान मांगों पर सदन में हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा -वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव के घोषणा पत्र में हमने वादा किया था कि 10 दिनों के भीतर किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा, हमने जो कहा उसे 10 दिन के भीतर पूरा भी किया। हमारी सरकार बनते ही हमने जो पहला काम किया, वो है किसानों की कर्जमाफी का काम।

मुख्यमंत्री के उद्बोधन के बाद सदन में 10 हजार 395 करोड़ रुपए का तृतीय अनुपूरक अनुमान ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने सदन को बताया कि वर्ष 2018-19 के मुख्य बजट में कुल प्रावधान 87 हजार 463 करोड़ रुपए था।

## किसानों ने कहा हमें कर्ज माफी नहीं अनुदान दे सरकार

जगदलपुर (आरएनएस)। किसानों को कर्ज से निजात दिलाने के लिए की जाने वाली कर्ज माफी कोई स्थानीय समाधान नहीं हैं। यह केवल कुछ समय तक के लिए फायदे मंद साबित होगा। आने वाले दिनों में किसान फिर कर्जदार हो जाएगा।

किसानों ने कहा कि खाद, बीज, मजदूरी दर लगातार बढ़ती जा रही है। इसके चलते उत्पादन लागत भी बढ़ रहा है। किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए सरकार ऋ ण माफी के बजाय उत्पादन अनुदान दिया जाए।

## पिनाल एवं महिलाओं पर पुलिस ने लाठी चलाई, एसपी से शिकायत

बिलासपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ भवन के सामने कांग्रेस नेता पिनाल उपवेजा एवं कांग्रेस कार्यकर्ता महिलाओं के साथ कल पुलिस ने अभद्रता करते हुए लाठी से पिटाई कर दी। पुलिस के जवानों ने पुलिस वाहन में बिठाकर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया जिसे लेकर आज पीड़ित महिलाओं के साथ पिनाल उपवेजा एसपी के पास पहुंचे। तथा दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने जांच कराने की बात कही है।

## 3 फरवरी को 3 लाख बच्चों को पिलायी जायेगी पोलियो की दवा



बिलासपुर (आरएनएस)। जिले में पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के तहत् 03 फरवरी 2019 को जिले के 0 से 5 वर्ष के 03 लाख 17 हजार 696 बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी जायेगी। राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम के अंतर्विभागीय समन्वय से सफल क्रियान्वयन हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्टर डॉ. संजय अलंग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि जिले के 1948 पोलियो बूथ पर बच्चों को दवा पिलायी जायेगी। टीकाकरण 03 फरवरी को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। इसके बाद 04 एवं 05 फरवरी को जिले के लगभग 03 लाख 56 हजार 560 घरों में भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक देने की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पल्स पोलियो टीकाकरण का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये।

## फिर उठी दल्ली से बिलासपुर ट्रेन चलाने की मांग

दल्लीराजहरा (आरएनएस)। टिकिट कांउटर को बढ़ाने एवं एक सीधी ट्रेन दल्ली से बिलासपुर तक चलाने सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर वार्ड क्रमांक 26 की भाजपा पार्षद टी ज्योति ने रेल्वे जीएम बिलासपुर के नगर आगमन पर ज्ञापन सौपा है. सौपे गये ज्ञापन में श्रीमती ज्योति ने कहा प्रतिदिन प्रातः 5.50 बजे वाली डेमू ट्रेन के लिए 5.30 बजे टिकिट कांउटर खुलती है. रोजी रोटी व शिक्षा के लिए विद्यार्थी सुबह वाली ट्रेन से ही अपने गनतव्य की ओर प्रस्थान करते है. ऐसी भीड़ भाड़ में एक टिकट काउंटर होने से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है. यात्री टिकिट के लिए लंबी कतार में उनकी नजर छुंटते गाड़ी पर बनी रहती है.. पर चलान काटने के डर से वही डटे रहते है. ट्रेन के छूटते ही अफरा तफरी का माहौल होता है. छुटते ट्रेन में चढ़ने से अक्सर लोग चोटिल हो जा रहे है.

## छत्तीसगढ़ नया इतिहास रचने निर्णायक मोड़ पर खड़ा है-जोगी



रायपुर (आरएनएस)। विधानसभा में आज जनता कांग्रेस छग के सदस्य एवं पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा छत्तीसगढ़ निर्णायक मोड़ पर खड़ा है आज राज्य सरकार जो कुछ करेगी या नहीं करेगी पर छत्तीसगढ़ जरूर नया इतिहास लिखेगा।

श्री जोगी ने कहा कि यह समय सबसे अच्छा समय के रूप में बीते या सबसे बुरा समय के रूप में। सरकार और हम सभी के लिए यह चुनौती है। उन्होंने कहा कि सरकार और हम सभी को ऐसा कुछ करना होगा की यह समय सबसे अच्छा हो। श्री जोगी ने कहा कि भाजपा, कांग्रेस और हमारी जनता कांग्रेस पार्टी तीनो के घोषणा पत्र की कॉपी मेरे पास है इनमे कांग्रेस के घोषणा पत्र में जो घोषणा है उनमें विरोधाभास है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपने चुनावी दौरे के दौरान कहा था कि छग के सभी किसानों का हमारी सरकार बनने के 10 दिन के भीतर कर्ज माफ होगा। सरकार में आने के बाद कांग्रेस सरकार ने 4 दिन के भीतर किसानों कि कर्ज माफी का आदेश भी जारी कर दिया जो गर्व की बात है।

## चोरी की झूठी रिपोर्ट दर्ज करा बकरा और शराब में उड़ा रहा था रुपए

महासमुंद (आरएनएस)। पुलिस ने झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने के मामले में बेमचा निवासी वासुदेव मालेकर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। गत दिनों वासुदेव ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी दीदी के घर की आलमारी से नगदी व जेवर चोरी हो गई। रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 457, 380 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की। जांच के दौरान पता चला रिपोर्टकर्ता वासुदेव इन दिनों आय से अधिक खर्च कर रहा है। शंका के आधार पर पुलिस ने उन पर नजर रखना प्रारंभ किया। मंगलवार को पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सब उगल दिया। पुलिस ने उसके पास से 32 हजार रुपए नगद बरामद किया।

## मछली खाने से हो सकता है कैंसर

पटना। आप मछली खाने के शौकिन हैं और अपने स्वास्थ्य से प्यार है तो ये खबर आपके लिए बहुत जरूरी है. आंध्र प्रदेश से आने वाली मछलियों को या बिहार में रहकर मछली खाना किसी खतरे से कम नहीं है. बिहार में मछलियों के खाने से लोग कैंसर जैसी घातक बीमारी की चपेट में आ सकते हैं. दरअसल बिहार में आने वाली मछलियों में फर्मलीन, कैडमियम लेड और फॉर्मल डिहाइड की मात्रा पाई गई है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होती है.



### फर्मलीन से होता है कैंसर

फर्मलीन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल की खबरें आ रही थी. दरअसल फर्मलीन का प्रयोग मछलियों को अधिक दिनों तक सुरक्षित रखने के लिए किया जाता है. इसके इस्तेमाल से कैंसर होने की संभावना बहुत अधिक होती है.

### कैडमियम भी होता है खतरनाक

कैडमियम, ई कचरे और औद्योगिक कचरे में पाया जाने वाला बेहद नुकसान पहुंचाने वाला तत्व है. मछलियां अक्सर पानी में कैडमियम युक्त भोजन करती हैं और इसकी थोड़ी सी भी मात्रा हमारे जीवन में विभिन्न बीमारियों का कारण बन सकती है. इससे बुखार, मांस पेशियों में दर्द, ब्रांकाइटिस, निमोनिया के अलावा लीवर पर घातक प्रभाव पड़ सकता है और न केवल वे डैमेज हो सकते हैं बल्कि कैंसर भी हो जाता है.

### जांच के लिए भेजे गए सैंपल

मिली जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेश से आने वाली मछलियों में बड़ी मात्रा में फर्मलीन का प्रयोग किया जाता है. इसकी पुष्टि के लिए जांच के लिए सैंपल कोलकाता भेजे गए थे जहां सभी 10 मानकों पर निगेटिव रिपोर्ट आए. इसका मतलब साफ है कि बिहार में मछली खाना आपके लिए जानलेवा साबित हो सकता है.

### इंफेक्शन का भी होता है खतरा

फर्मलीन युक्त या दूषित मछलियों को खाने से बैक्टिरियल इंफेक्शन का भी खतरा अधिक होता है. कई बार लोग जल्दी रिकवर कर लेते हैं लेकिन अगर इम्यून सिस्टम कमजोर हो तो इंफेक्शन की वजह से लोगों की जान तक जा सकती है. इसलिए कभी भी ऐसी चीजों को खाने से पहले अच्छे से जांच पड़ताल करें ताकि इसे खाना भारी ना पड़े.

## ऋतिक रोशन बने टाइगर श्रॉफ के गुरुदेव, क्या अब टाइगर बनेंगे सुपरहीरो!

इन दिनों अगर कोई बॉलीवुड में एक्शन स्टार्स का नाम पूछे तो किसी के भी जहन में दो ही नाम सबसे पहले आते हैं, सीनियर हीरो में ऋतिक रोशन और नए स्टार्स में टाइगर श्राफ. हालांकि अब तक दोनों किसी फिल्म में साथ नजर नहीं आए लेकिन कई तरह से लोगों को यह दोनों काफी मिलते-जुलते से लगते हैं. इसी बीच दोनों ने एक फिल्म की शूटिंग भी शुरू करने की खबर आई. लेकिन अब खबर आ रही है कि अब टाइगर ने ऋतिक को गुरुदेव मान लिया है.



जी हां आपने एक दम ठीक सुना है, बॉलीवुड के बागी टाइगर अब ऋतिक यानी क्रिश के चेले हो गए हैं. अरे नहीं नहीं... अगर आप सोच रहे हैं कि टाइगर अब कोई सुपरहीरो के रोल में नजर नहीं आने वाले, बल्कि यशराज बैनर के तले बन रही अनटाइटल्ड फिल्म में टाइगर श्राफ ऋतिक रोशन के चेले बने नजर आने वाले हैं.

रिपोर्ट के अनुसार इस एक्शन फिल्म में ऋतिक एक सीनियर एक्शन स्टार की भूमिका में नजर आने वाले हैं. वहीं यहां टाइगर अपने सीनियर के चेले यानी शिष्य की भूमिका में हैं.

ऋतिक और टाइगर दोनों ही ऐसे एक्टर है जो अपने जबरदस्त एक्शन स्टंट के साथ-साथ अपने डांस मूव्स से किसी को भी घायल कर सकते हैं. तो अब आप ही सोचिए जब ये दोनों कलाकार किसी फिल्म में साथ आएंगे तो थिएटर का माहौल कैसा होगा? कहना गलत नहीं होगा कि दोनों स्टार्स की जबरदस्त फैंस फॉलोइंग को देखते हुए कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल का कलेक्शन कर सकती है.

## वनरक्षक भर्ती नियुक्ति में फर्जी जाति के अभ्यर्थी का हुआ चयन

जगदलपुर (आरएनएस)। वन सेवा भर्ती नियम 2012 के अनुसार वनरक्षक पद की भर्ती वनमंडल बीजापुर के अंतर्गत विज्ञापन क्रमांक/स्था./2018/34 41 19.07. 2018 को वनरक्षक के 06 पदों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। 06 पदों में से पांच पद अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थे तथा 01 पद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित थे। जिसमें से अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थी वासुदेव अल्लूर पिता सम्मैया अल्लूर की नियुक्ति फर्जी जाति के आधार पर कर दिया गया जिस पर विभिन्न स्तरों में आपत्ति किए जाने के बावजूद नियुक्ति आदेश जारी कर जांच किए जाने की बात कह कर खानापूर्ति की जा रही है। उपरोक्त सभी अनुसूचित जनजाति वर्ग के 05 पदों की भी जांच किया जाना आवश्यक है, जिसमें भी भारी गड़बड़ी की आशंका व्यक्त की जा रही है, जबकि एकमात्र अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थी के संबंध में स्पष्ट है कि फर्जी जाति के आधार पर नियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया है।

## नरगिस फाखरी की फिल्म 'अमावस' 11 जनवरी को होगी रिलीज

अभिनेत्री नरगिस फाखरी की 'अमावस' अब एक फरवरी को रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 11 जनवरी को रिलीज होने वाली थी।



फिल्म की रिलीज में यह देरी विजुअल इफेक्ट और पोस्ट प्रोडक्शन से संबंधित कार्य की वजह से हो रही है।

फिल्म के निर्देशक भूषण पटेल ने एक बयान में कहा, ''हम टॉप क्लास वीएफएक्स को हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं और इसमें थोड़ा समय लगता है। हम जल्दबाजी में फिल्म को रिलीज नहीं करना चाहते और हम फिल्म को शीर्ष स्तर का बनाना चाहते हैं।''

इससे पहले पटेल कुछ टीवी श्रृंखला के अलावा 'रागिनी एमएमएस 2', '1920 इविल' और 'अलोन' जैसी हॉरर फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं।

'अमावस' एक हॉरर फिल्म है। इसमें सचिन जोशी, विवान भटेना, नवनीत कौर ढिलौं, मोना सिंह और अली असगर मुख्य भूमिका में होंगे।